**समाहरणालय, सीतामढ़ी**
**(पंचायत प्रशाखा)**

पत्रांक ................/ग्रा0पं0, दिनांक ................./2024

प्रेषक,

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
सीतामढ़ी।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
पंचायती राज विभाग,
बिहार, पटना।

विषय :– **प्रखण्ड रीगा के ग्राम पंचायत राज, अन्हारी के उप मुखिया के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर मार्गदर्शन के संबंध में।**

प्रसंग :– **राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार के पत्रांक–2055, दिनांक–06.05.2024**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में सादर सूचित करना है कि ग्राम पंचायत राज, अन्हारी के उप मुखिया के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के पश्चात् इस कार्यालय के पत्रांक–805/ग्रा0पं0, दिनांक–06.03.2024 द्वारा रिक्ति की सूचना भेजा गया था। उक्त आलोक में ग्राम पंचायत राज, अन्हारी के उप मुखिया के निर्वाचन हेतु दिनांक–07.05.2024 को तिथि निर्धारित की गई। पुनः पत्रांक–2055, दिनांक–06.05.2024 द्वारा दिनांक–07.05.2024 को होने वाले उप मुखिया, ग्राम पंचायत राज, अन्हारी के निर्वाचन को स्थगित करते हुए बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा–157 के तहत वैधानिक परीक्षण के उपरांत प्रस्ताव की मांग की गयी।

जिसके आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक–2241/ग्रा0पं0, दिनांक–19.08.2024 द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पर विशेष बैठक रद्ध की जाने संबंधी प्रस्ताव सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार को भेजा गया था। जिसमें उनके द्वारा पंचायती राज विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त करने का निदेश दिया गया है।

अतः प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, रीगा से प्राप्त प्रतिवेदन संलग्न कर भेजते हुए सादर अनुरोध है कि प्रखण्ड रीगा के ग्राम पंचायत राज, अन्हारी के उप मुखिया के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित समझा जाय अथवा नहीं के संबंध में मार्गदर्शन संसूचित करने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नक :–यथोक्त।**

**विश्वासभाजन,**

ह0—

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी(पंचायत),
सीतामढ़ी।

ज्ञापांक 2871/ग्रा0पं0, दिनांक 08/10/2024

प्रतिलिपि :– विशेष कार्य पदाधिकारी, राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना को उनके पत्रांक–2055, दिनांक–06.05.2024 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

RP 8/10/24

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी(पंचायत),
सीतामढ़ी।